संख्या-53/2021/1739ई-2/तेरह-2021- 1455303

प्रेषक,

उमेश कुमार तिवारी,

उप सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,

उत्तर प्रदेश,

प्रयागराज।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊःदिनांकः 10 सितम्बर,2021

विषय- मेसर्स अवध शुगर एण्ड एनर्जी लि., हरगांव आसवनी, जनपद-सीतापुर को बी-हैवी शीरे से अल्कोहल उत्पादन किये जाने के कारण अधिष्ठापित क्षमता में अन्तरिम रूप से 25 प्रतिशत की वृद्वि किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या:जी-35/दो-प्रा.डी.-18 दिनांक 25-08-2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उपर्युक्त पत्र दिनांक 25-08-2021 द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त राज्य के औद्योगिक एवं राजस्व हित में मेसर्स अवध शुगर एण्ड एनर्जी लि., हरगांव आसवनी, जनपद-सीतापुर को स्वीकृत अधिष्ठापित क्षमता 350 लाख लीटर वार्षिक के अतिरिक्त अन्तरिम रूप से 25 प्रतिशत अर्थात 87.50 लाख ब.ली.अल्कोहल का उत्पादन बी-हैवी शीरे से किये जाने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि आसवक द्वारा बढ़ी हुयी क्षमता पर नियमानुसार तत्काल अनुज्ञापन शुल्क जमा किया जायेगा तथा आसवनी में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कन्सेन्ट दिनांक 30.06.2021 व 02.07.2021 के अन्तर्गत लगायी गयी शर्तों का अनुपालन करते हुए अल्कोहल उत्पादन का कार्य किया जायेगा। आसवनी में बी-हैवी शीरे के उपभोग के समाप्त होने पर सी-हैवी शीरे से अल्कोहल उत्पादन किये जाने हेतु आसवनी के सहायक आबकारी आयुक्त से अनुमति प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा। उक्त के अतिरिक्त

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

आसवक को इस सम्बन्ध में केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा बनाये गये/विद्यमान सुसंगत नियमों/प्राविधानों/शासनादेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना भी अनिवार्य होगा।

कृपया तद्नुसार अग्रतर कायर्वाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(उमेश कुमार तिवारी)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।